इन्क़िलाबी नज़र
आवाज़ ... आम आदमी की
लखनऊ, शुक्रवार, 13 अक्टूबर 2023
वर्ष 16 अंक 41 मूल्य 4-00 रुपया पृष्ठ- 12

जिस व्यक्ति ने कभी गलती नहीं की उसने कभी कुछ नया करने की कोशिश नहीं की।
-अल्बर्ट आइंस्टीन

तापमान - अधिकतम 35.1°C (+1.2) न्यूनतम 21.5°C(+0.1) सेंसेक्स 66,408.39 (-064.66) निफ्टी 19,794.00 (-017.35) सोना 59,060 चांदी 72,600 मुद्रा - डालर 83.26 दिरहम 22.67 रियाल 22.20

एरा विवि के कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहदी को कलमवीर चक्र सम्मान

- सुल्तान शाकिर हाशमी के जन्मोत्सव पर कलमवीर दिवस का आयोजन
- साहित्यकार, पत्रकार व समाजसेवी सम्मानित

प्रो. अब्बास अली मेहदी को सम्मानि करते अतिथिगण

लखनऊ (ब्यूरो)। लेखक, साहित्यकार, पत्रकार और शिक्षाविद डॉ. सुल्तान शाकिर हाशमी के जन्मोत्सव पर गुरुवार को हिन्दी संस्थान में 43वां राष्ट्रीय कलमवीर दिवस आयोजित किया गया। नवसृजन साहित्यिक एवं सांस्कृतिक संस्था, अखिल भारतीय अगीत परिषद, अवध साहित्य अकादमी और मीडिया फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली हस्तियों को कलमवीर चक्र सम्मान 2023 और कलमवीर रत्न सम्मान 2023 से नवाजा गया।

कार्यक्रम का आरम्भ डॉ. शिव मंगल सिंह मंगल ने वाणी वंदना से किया। लविवि में विधि संकाय के पूर्व अधिष्ठाता प्रो. डॉ. वी.जी. गोस्वामी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कहा कि सुल्तान शाकिर हाशमी ने हिन्दी, उर्दू और अंग्रेजी में साठ से अधिक महत्वपूर्ण पुस्तकें लिख साहित्य पर उपकार किया है। साहित्यकार व पत्रकार हरिओम शर्मा ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित डॉ. अम्मार रिजवी ने साहित्य और शायरी कल और आज पर बोलते हुए कहा कि साहित्य व अदब का स्वर्णिम इतिहास रहा है, जिसे बचाने की जिम्मेदारी आज के साहित्यकारों और शायरों की है। अपनी इस जिम्मेदारी को साहित्यकार और शायर किसी हद तक निभा भी रहे हैं। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के तौर पर उपस्थित विधान परिषद सदस्य पवन सिंह चौहान ने सुल्तान शाकिर हाशमी की सामाजिक सेवाओं का जिक्र करते हुए उन्हें राष्ट्रीय एकता की प्रतिमूर्ति बताया। कार्यक्रम में प्रो. ऊषा सिन्हा, पूर्व पुलिस महानिदेशक महेश चन्द्र द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार हेमन्त तिवारी सहित अन्य ने भी सम्बोधित किया।

कार्यक्रम में कलमवीर चक्र सम्मान से हिन्दी संस्थान के पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, लविवि में हिन्दी पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. सूर्य प्रसाद दीक्षित, पूर्व आईएएस जयशंकर मिश्र, एरा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अब्बास अली मेहदी, लविवि में उर्दू विभागाध्यक्ष प्रो. अब्बास रजा नैय्यर, प्रो. हरिओम शर्मा, वासिफ फारुकी, प्रो. खान मोहम्मद आतिफ आदि को सम्मानित किया गया। इसके अलावा कलमवीर रत्न सम्मान से साहित्यकारों, समाजसेवियों और पत्रकारों को सम्मानित किया गया।